तापमान
अधिकतम 37 .7 डिग्री
न्यूनतम 17 .3 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024

11 नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों का टोटा

12 छात्रों को दी मिशन वात्सल्य की जानकारी


## खबर संक्षेप

### पंप का सेल्समैन 1.37 लाख लेकर फरार

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित गांव माहरा के निकट एक पेट्रोल पंप से सेल्समैन लगभग 1.37 लाख रुपये लेकर फरार हो गया। सेल्समैन ने पेट्रोल, डीजल व सीएनजी की बिक्री से आई नकदी को अपने पास रख लिया था। उसने पैसे खाते में जमा नहीं करवाए बल्कि उनको लेकर भाग गया। पंप मालिक की शिकायत पर बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। गांव ईशापुर खेड़ी के जोगिंद्र मलिक ने पुलिस को बताया कि उन्होंने गांव माहरा के निकट ड्रेन आठ के पास मलिक फिलिंग स्टेशन के नाम से पेट्रोल पंप लगा रखा है। यहां पर गोहाना में चोपड़ा कालोनी का उत्तम सेल्समैन था। 21 अप्रैल को वह पंप पर ड्यूटी कर रहा था। पेट्रोल, डीजल व सीएनजी की बिक्री के पैसे उसके पास थे। जब उन्होंने लेखा-जोखा देखा तो लगभग 1.37 लाख रुपये कम मिले।

### कर्मचारियों पर वायर चोरी का आरोपी

**गोहाना।** शहर से सटे गांव नगर में फैक्ट्री में काम करने वाले एक कर्मचारी ने कापर की वायर चोरी कर ली। कर्मचारी छुट्टी के बाद पेंट की जेब में वायर डालकर ले जाता था। संदेह होने पर मोबाइल से वीडियो बनाकर सबूत जुटाया गया। शहर में उत्तम नगर के सुमित गोयल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने गांव नगर में फैक्ट्री लगा रखा है। फैक्ट्री से कई दिनों से कापर की वायर चोरी हो रही थी। एक कर्मचारी ने उसे बताया कि फैक्ट्री में काम करने वाला कर्मचारी दिल्ली का सुनील उर्फ मुन्ना तार चोरी करता है। इसके बाद कर्मचारियों ने सबूत जुटाने के लिए मोबाइल में वीडियो बनाई। वह ड्यूटी से जाते समय पेंट में वायर छुपो कर ले जाता था। वह लगभग 130 किलोग्राम कापर वायर चोरी कर चुका है।

### कमल आहूजा नोडल अधिकारी नियुक्त

**गोहाना।** बरोदा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी और गोहाना के एसडीएम विवेक आर्य ने कंट्रोल रूम के इंचार्ज कमल आहूजा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्हें यह दायित्व संसदीय चुनाव के छठे चरण में 25 मई को होने वाले चुनाव के प्रचार-प्रसार की आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रदान किया है।

### पालिका रोड पर शव मिलने से सनसनी

**गन्नौर।** नगरपालिका रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। सूचना पर गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुँची ओर शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गईं। मृतक के पास किसी तरह के दस्तावेज न मिलने से उसकी पहचान नही हों सकी। इस मामले मव गन्नौर थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि बैंक के पास एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। पुलिस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फिर से होगी जांच, खेल नर्सरियों को शुरू होने में लगेगा टाइम

**1 मई तक जमा करवानी है रिपोर्ट, जांच करेंगे गुरुग्राम के खेल उप निदेशक**

### जिला खेल विभाग के पास खेल नर्सरियों के लिए आएं 210 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

प्रदेश भर में खेल प्रतिभाएं निखारने के लिये शुरू की गई खेल नर्सरी योजना के तहत खेल नर्सरियों को शुरू करने का इंतजार और बढ़ गया है। जिले में बेशक से खेल नर्सरियों के लिये 210 आवेदन आए हों, लेकिन अभी तक एक भी नई खेल नर्सरी शुरू नहीं हो पाई है। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद फिर से खेल नर्सरियों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। इस बार पंचकूलां के खेल विभाग के उप निदेशक गिरिराज का जांच का जिम्मा दिया गया है। इन निर्देशों के तहत 1 मई तक जांच कर रिपोर्ट जमा करवाने के निर्देश भी दिए गए हैं। पता चला है कि खेल उप निदेशक गिरिराज जल्द ही मौके पर खेल



नर्सरियों का निरीक्षण करेंगे। खेल अधिकारियों ने बताया कि उप निदेशक खेल नर्सरियों की दोबारा जांच करेंगे। जिसमें मुख्य तौर पर अकादमी में संबंधित खेल के लिए आधारभूत संरचना व प्रशिक्षक की योग्यता जांची जाएगी।

#### मुख्यालय का निर्देश

मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि जांच जल्द पूरी कर इसकी रिपोर्ट एक मई तक खेल विभाग पंचकूला को जमा करवाएं, ताकि खेल नर्सरियों को जल्द शुरू करवाया जा सके। हालांकि स्थिति को देखते हुए अभी खेल नर्सरियों के शुरू होने पर संशय बना हुआ है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से खेल नर्सरियों के लिए 210 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिला खेल विभाग ने अपनी जांच करके नर्सरियों की रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी थी। हालांकि अब खेल विभाग पंचकूला ने दोबारा फिजिबिलिटी जांच करने के आदेश दिए हैं। गत वर्ष जिले में कुल 86 खेल नर्सरियां थी। इस बार खेल विभाग पंचकूला ने खेल नर्सरियों की संख्या को बढ़ाया हैं। उम्मीद हैं कि जिले में भी खेल नर्सरियों की संख्या में इजाफा किया जा सकता हैं। खेल नर्सरियों में 8 से 14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को प्रति माह 1500 रुपये व 15 से 19 आयु वर्ग को 2000 रुपये खुराक भत्ता दिया जाता है।

### फिजिबिलिटी रिपोर्ट देने के निर्देश

खेल नर्सरियों की फिजिबिलिटी जांच करने के लिए खेल मुख्यालय ने गुरुग्राम जोन के खेल उप निदेशक गिरिराज को नियुक्त किया है। जिसकी रिपोर्ट एक मई तक मुख्यालय में जमा करानी होगी।
शर्मिला राठी, जिला खेल अधिकारी, सोनीपत

## 2022 में ओलावृष्टि से हुआ था नुकसान अब 1079 किसानों को मिलेगा मुआवजा

**नुकसान के बाद बीमा कंपनी ने साल भर बाद निरस्त कर दिए थे आवेदन**

**मुआवजे की मांग को लेकर गोहाना में धरना दे रहे किसान बोले, मुआवजा मिलने के बाद उठेंगे**

**किसानों को खंड कृषि कार्यालय में पांच दिन के अंदर जमा करवाने होंगे कागजात, किसानों ने जनवरी में उपायुक्त से मिलकर मुआवजे की मांग की थी**

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

कोशिश जरूरी है, क्योंकि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। जिले के 1 हजार से अधिक किसानों की कोशिश ही थी, उन्हें 2 साल पहले बर्बाद हुई फसल का मुआवजा मिलेगा। 2022 में खरीफ सीजन के दौरान बारिश व ओलावृष्टि से हजारों किसानों की फसल नष्ट हो गई थी। जिसका क्लेम बीमा कंपनी ने रद्द कर दिया था। अब दो साल बाद ही सही लेकिन आखिरकार बीमा कंपनी किसानों को मुआवजा देगी। जिसके लिये प्रशासनिक स्तर पर काम किया गया तो बीमा कंपनी को मुआवजा देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए कृषि विभाग ने किसानों से पांच दिन के भीतर संबंधित कागजात संबंधित खंड कृषि कार्यालय में जाम करवाने को कहा है। वहीं इस मामले में किसानों का धरना गोहाना में चल रहा है, जिसको लेकर संचालन समिति ने फैसला लिया है कि जब तक मुआवजा खाते में नहीं आ जाता, तब तक धरना जारी रहेगा।

बता दें कि साल 2022 में बारिश व ओलावृष्टि से फसलों में हुए नुकसान के बाद किसानों पर दोहरी मार पड़ी थी। फसल बर्बाद होने के बाद बीमा कंपनी ने किसानों के आवेदन निरस्त कर मुआवजा देने से इंकार कर दिया था। मुआवजे की मांग को लेकर किसान करीब डेढ़ साल संघर्ष कर रहे थे।

किसानों ने जनवरी में उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराया था। जिसके बाद मामला कृषि मुख्यालय में भेजा गया था। किसानों के अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ सीजन 2022 में करीब 2529 किसानों का मुआवजा रिलायंस जनरल इंश्योरेस कंपनी ने निरस्त कर दिए थे। किसानों ने आवाज उठाई तो कंपनी ने किसानों का प्रीमियम लौटा दिया था। किसानों ने सरकार व प्रशासन से मांग की थी कि उन्हें प्रीमियम नहीं, मुआवजा चाहिए। गोहाना में इस मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना भी चल रहा है।

#### ...तब तक जारी रहेगा धरना

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान नरवाल ने कहा कि कृषि विभाग की तरफ से एक पत्र मिला था। जिसमें किसानों से कुछ कागजात मांगे गए हैं। यह कागजात कंपनी पहले ही जमा करवा चुकी है तो अब कागजात मांगने का औचित्य नहीं रह जाता। आज इसको लेकर बैठक हुई है, जिसमें फैसला लिया गया है कि जब तक मुआवजा खाते में नहीं आ जाता, तब तक धरना जारी रहेगा।

#### ये कागजात जमा करवाने होंगे

संबंधित गैर ऋणी किसानों(मालिक) को मुआवजा राशि के लिए स्वयं सत्यापित आधार कार्ड की कॉपी व बैंक पासबुक की कॉपी, फसल बुआई प्रमाण पत्र तथा मालिकाना हक से संबंधित जमीनी दस्तावेज जमार करवाने होंगे। इसके अलावा गौर ऋणी किसानों(काश्तकार) को स्वयं सत्यापित आधार कार्ड की कॉपी व बैंक पासबुक की कॉपी, फसल बुआई प्रमाण पत्र तथा मालिकाना हक से संबंधित जमीनी दस्तावेज तथा काश्तकार की प्रमाणिकता के लिए जोतदार प्रमाण पत्र(टेनेंट सर्टिफिकेट) जमा करवाना होगा।

#### खंड वाइज मुआवजा

| खंड | किसान |
|---|---|
| गोहाना | 292 |
| मुंडलाना | 254 |
| कथूरा | 120 |
| खरखौदा | 281 |
| सोनीपत | 72 |
| राई | 35 |
| गन्नौर | 25 |

#### कंपनी को मुआवजा देने आदेश

वर्ष 2022 में खरीफ फसलों में हुए नुकसान का मुआवजा देने से बीमा कंपनी ने इंकार कर दिया था। किसानों ने समस्या को रखा तो इस बारे में मुख्यालय को लिखा गया था। बीमा कंपनी को मुआवजा जारी करने के आदेश दिए गए हैं, इसी वजह से प्रभावित किसानों से कागजात मांगे गए हैं।
डॉ. मनोज कुमार, उपायुक्त, सोनीपत

### दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे को लेकर किसान उपायुक्त को मिले

**सोनीपत।** लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में बुधवार को उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे को लेकर किसानों की समस्याएं सुनी। उपायुक्त ने कहा कि चकबंदी योजना के तहत सभी किसानों को खेत का रास्ता देना सुनिश्चित करें ताकि उनको आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि अगर किसी किसान का खेत रोड़ के दोनों तरफ है तो उसे दूसरी तरफ भी रास्ता दिलवाएं इसके लिए या तो एनएचआई अपनी जमीन से रास्ता दे या जरूरत पड़ने पर जमीन को खरीदें। उन्होंने कहा कि अगर राजस्व रिकार्ड में अगर किसी किसान का रास्ता तीन कर्म का है तो उसे तीन कर्म का ही रास्ता मिला चाहिए। अगर किसी का दो कर्म का रास्ता है तो उसे दो कर्म का रास्ता मिलना चाहिए।

इस दौरान गांव गिवाना के सरपंच द्वारा पानी की निकासी को लेकर दी गई शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस जगह का मौका मुआयना करें और जो भी प्रबंध करना हो उसे तुरंत करें ताकि वहां पानी खड़ा न हो।




उपायुक्त ने गांव रूखी के सरपंच की शिकायत पर एचएचआई अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के समय गांव के पानी की निकासी के लिए उचित प्रबंध करें। इसके अलावा उन्होंने गांव पुठी, ठसका, बुटाना खेतलान के किसानों की भी समस्याएं सुनते हुए उनके समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर डीआरओ हरिओम अत्री सहित एनएचआई के अधिकारी, ठेकेदार तथा विभिन्न गांवों के किसान मौजूद रहे।

## ट्रांसपोर्टर हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली

- पुलिस की तीन टीमें आरोपितों की धरपकड़ के लिए कर रही छापेमारी
- होटल पर खाना ले जा रहा था अमरजीत, रास्ते में आरोपितों ने गोली मारी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव सबौली में कारोबार को लेकर ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या करने के आरोपित पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस की तीन टीम उनकी तलाश में दबिश दे रही है। वहीं पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों ट्रांसपोर्टर एक ही कंपनी के माल की ढुलाई करते थे। जिसमें प्रतिस्पर्धा बढ़ने लगी थी। पुलिस टीमें हत्यारोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव सबौली निवासी हरीश ने बताया कि उसका चाचा अमरजीत उर्फ मोनू (38) ट्रांसपोर्ट का काम करते थे। वह 21 अप्रैल की रात को अपने चाचा के साथ स्कूटी पर सवार होकर खाना लेने दिल्ली के नरेला होटल पर जा रहे थे। सबौली-नरेला रोड पर गांव की फिरनी में पहुंचे तो इसी दौरान वहां कार में गांव का गोलू व आशीष उर्फ बाली, झज्जर के गांव लडरावण का मुकेश उर्फ सीटू तथा सीटू का दोस्त बैठे मिले थे। उन्होंने उन्हें रोक लिया था। जिसके बाद प्रतिद्वंद्विता के चलते उनके चाचा से झगड़ा शुरू कर दिया था। वह अपने चाचा को लेकर चलने लगा तो पीछे से तीन फायर किए थे। जिसमें एक गोली चाचा को लगी थी। जिससे उनकी मौत हो गई।

**रंजिश में हत्या :**पुलिस ने चारों पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस की तीन टीम आरोपितों की तलाश कर रही है। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि वह दोनों ने एक ही कंपनी के माल की ढुलाई करते थे। जिसमें उनमें प्रतिस्पर्धा बढ़ गई थी। जिसके चलते ही रंजिश हो गई।

थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस की टीमें हत्यारोपितों की तलाश के लिए दबिश दे रही है। जल्द हमलावरों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## डिलीवरी के बाद जच्चा की मौत, चिकित्सक पर आरोप

### पुलिस अधिकारी बोले, बोर्ड की गाइडलाइन के हिसाब से कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज. खरखौदा

- परिजनों का आरोप, नॉर्मल डिलीवरी कहते हुए कर दी सिजेरियन, रोहतक ले जाते समय हुई मौत, परिवार में मातम पसरा

निजी अस्पतालों में सुविधाओं के अभाव में व स्टाफ की लापरवाही से जच्चा व बच्चा की मौत के मामले समय-समय पर सामने आते रहे हैं।

#### ये था मामला

ताजा मामला खरखौदा के वार्ड 7 में रहने वाली सुमित की पत्नी की पहले तो नार्मल डिलिवरी होना बताया गया था। फिर अचानक सिजेरियन आप्रेशन कर दिया। जिसके बाद उसकी पत्नी रश्मि की मौत हो गई। जबकि बच्चे की धड़कने कम बताते हुए उसे सोनीपत शिशु की नर्सरी में रखा गया है। सुमित ने खरखौदा पुलिस को शिकायत दी है कि खरखौदा सांपला मार्ग पर एक निजी अस्पताल में अपनी पत्नी का रूटीन चैकअप कराता था। संबंधित डॉक्टर हर बार कहती रही कि नार्मल डिलीवरी होगी। लेकिन डिलीवरी का समय आया तो सिजेरियन आप्रेशन कर दिया।

उसे उसकी पत्नी से मिलने नहीं दिया। डिलीवरी के बाद बच्चे की धड़कने कम बताकर उन्हें बच्चे को लेकर सोनीपत जाने को बोल दिया। इधर उसकी पत्नी को एंबुलेंस में लेकर रोहतक के कॉयनियोस अस्पताल में चले गए। लेकिन रश्मि की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को संबंधित चिकित्सक व निजी अस्पताल के स्टाफ पर लापरवाही को आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। खरखौदा थाना प्रभारी अंकित कुमार का कहना है कि बोर्ड द्वारा जो भी गाइडलाइन आएगी उसकी हिसाब से कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भटगांव में खेत से काटी फसल, केस

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव भठगांव मालियान में किसान के खेत से छह बीघे की गेहूं की फसल काटकर चोरी करने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव भटगांव निवासी देवेंद्र ने बताया कि उसने अपने खेत में गेहूं की फसल उगा रखी है। जो हाल के दिनों में पक चुकी है। वह अपनी फसल को कटवाने का इंतजार कर रहा था। गत 22 अप्रैल को उसके खेत से छह बीघे की फसल को किसी ने काटकर चोरी कर लिया। उसके खेत के आसपास तीन-चार गेहूं काटने की मशीने चल रहे थी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी दीपक ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## पंजाब नेशनल बैंक का सर्वर डाउन, अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं का नहीं हो पा रहा रजिस्ट्रेशन व बायोमेट्रिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- घंटों इंतजार करने के बाद श्रद्धालु वापस लौटे

मॉडल टाउन स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में सर्वर डाउन होने के कारण अमर नाथ यात्रा पर जाने वाले लोगों के पंजीकरण व बायोमीट्रिकै भी नहीं हो सके। जिसके कारण लोग परेशान दिखाई दी। पीएनबी में कई घंटे तक लोग सर्वर ठीक होने का इंतजार करते रहे। दोपहर बाद तक भी लोगों को कोई राहत नहीं मिली तो उन्हें वापस लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। बता दें कि अमरनाथ यात्रा इस साल 29 जून से शुरू होगी और 19 अगस्त तक जारी रहेगी। श्रावणी मेले के दौरान ह्यबाबा बफार्नीह्ण के दर्शन करने के लिए लोग बड़ी संख्या में अमरनाथ यात्रा पहुंचते हैं। सोनीपत जिले से भी काफी संख्या में लोग बाबा बफार्नी के दर्शन करने के लिए जम्मू कश्मीर पहुंच जाते है। यात्रियों की सुविधा के लिए जिला नागरिक अस्पताल में चिकित्सा जांच व पीएनबी की मॉडल टाउन शाखा में 15 अप्रैल से पंजीकरण जारी है। अस्पताल व पीएनबी में रोजाना काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।



**सोनीपत।** साइट शुरू होने का इंतजार करते श्रद्धालु।

### बैंक में पंजीकरण जरूरी

चिकित्सा जांच प्रक्रिया के गुजरने के बाद व्यक्ति को पंजाब नेशनल बैंक की मॉडल टाउन शाखा में पंजीकरण कराना होगा। 13 साल से कम उम्र का बच्चे का पंजीकरण नहीं होता। पंजीकरण कराने के लिए 70 साल तक के व्यक्ति के पास चिकित्सा जांच प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की फोटो प्रति होना जरूरी है। इसके लिए प्रति व्यक्ति पंजीकरण फीस 150 रुपये देनी होगी। इसके बाद बैंक की ओर से यात्रा शुरू करने के लिए तिथि जारी की जाएगी। बैंक में पंजीकरण के दौरान हर व्यक्ति को बायोमीट्रिक निशान देना होगा। वहीं रोजाना की तरह बुधवार को भी लोग पीएनबी में पहुंचे तो वहां सर्वर डाउन होने के कारण उनका यात्रा पंजीकरण नहीं हो सका।






डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# डिहाइड्रेशन से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पीते रहें पानी



**मेरी उम्र 43 वर्ष है। मै फील्ड जॉब करता हूं। मैं यह जानना चाहता हूं कि इन गर्मियों में शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए क्या तरीके अपनाने चाहिए?**

**-साकेत, भोपाल**

फील्ड जॉब करने वाले लोगों को गर्मियों में खास सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि इस दौरान शरीर से पसीना खूब निकलता है और शरीर में पानी की कमी होने की आशंका रहती है। इसलिए पानी लगातार पीते रहें। जब घर से निकलें तो पानी पीकर निकलें। अपने साथ पानी की बोतल रखें और हर आधे घंटे बाद थोड़ा पानी पीते रहें। संभव हो तो शिकंजी का सेवन भी करते रहें, इस तरह शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाएगी।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरी आंखों के आस-पास डार्क सर्कल्स हो गए हैं। ये लगातार गहरे होते जा रहे हैं। कृपया इस समस्या से निजात पाने का तरीका बताएं?**

**-राजेश, जगदलपुर**

जैसा कि आप बता रहे हैं, आंखों के नीचे डार्क सर्कल गहरे होते जा रहे हैं। इसलिए आपको तुरंत शरीर में खून की जांच यानी एचबी टेस्ट करवाना चाहिए, क्योंकि शरीर में खून की कमी से यह समस्या सबसे पहले देखी जाती है। इसके साथ ही आपको किसी फिजिशियन से संपर्क करना चाहिए, जो बीमारी का कारण पता लगाकर उसका उपचार शुरू करेंगे।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। गर्मियां आते ही मेरे चेहरे पर लाल-लाल दाने निकल आते हैं। साथ ही पूरे शरीर पर रैशेज भी होने लगते हैं। प्लीज इस समस्या से बचने का कोई तरीका बताएं?**

**-मेहुल, दिल्ली**

आपकी समस्या पढ़कर लग रहा है कि आपको धूप से एलर्जी है और घर से बाहर यानी धूप में निकलने पर आपको दाने पड़ जाते हैं। इसलिए कोशिश करें कि धूप में घर से बाहर कम से कम निकलें। अगर निकलना जरूरी है तो चेहरा और शरीर पूरी तरह ढंक कर निकलें। इसके साथ ही किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर कोई क्रीम का नाम लिखवा लें, इसे धूप में निकलने से पहले जरूर लगाएं, इस तरह आपको अपनी समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 51 वर्ष है। पिछले कुछ समय से घर से बाहर निकलने पर मुझे लगातार खांसी और छींकें आने लगती हैं। क्या ये एलर्जी के लक्षण हैं? इस समस्या से बचने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-लोकेश, रोहतक**

इस तरह की समस्या काफी लोगों में देखी जा रही है। ऐसे लोगों को घर से बाहर निकलते ही छींक आना और खांसी आनी शुरू हो जाती है। इसलिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर मास्क लगाकर निकलें। इसके अलावा सुबह और शाम गर्म पानी में नमक डालकर गरारा जरूर करें।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा हुआ सा लगता है, जबकि मेरी डाइट नॉर्मल है। मोशन भी क्लीयर होता है। ऐसा क्यों हो रहा है, कृपया इसका समाधान बताएं।**

**-अवधेश, बिलासपुर**

आपकी पाचन क्रिया प्रभावित लग रही है, क्योंकि जब पेट भरा हुआ लगता है, तो इसका मतलब यह है कि खाना ठीक से डाइजेस्ट नहीं हो रहा है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, जैसे दोपहर में खाने के साथ सलाद और दही या छाछ जरूर लेना चाहिए। इसके अलावा नियमित रूप से एक फल खाएं। रात में डिनर करने के बाद तुरंत सोएं नहीं। सोने और डिनर के बीच में कम से कम 3 घंटे का अंतराल होना चाहिए और सुबह सैर जरूर करें। इन उपायों से आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। मेरी जीभ पर अकसर लाल दाने हो जाते हैं, इस वजह से खाना बहुत तीखा लगता है। कृपया इसका कोई उपचार बताएं।**

**-आकाश, हिसार**

जीभ में या मुंह में दाने पड़ना पाचन क्रिया से जुड़ा होता है। आपको खाना ठीक से डाइजेस्ट नहीं हो रहा है, इसलिए आपको अधिक तला-भुना और मिर्च-मसाले वाला खाना नहीं खाना चाहिए। साथ ही खाने में सलाद, दही, छाछ जरूर लेना चाहिए। रात में हल्का खाना जैसे-दलिया या खिचड़ी खाएं। इस तरह आपको आराम मिलेगा। *

प्रस्तुति:रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

हेल्थ एडवाइस

शिखर चंद जैन

लगभग सभी डॉक्टर्स, शरीर को फिट रखने के लिए नियमित रूप से वॉक करने का सुझाव देते हैं। बहुत सारे हेल्थ कॉन्शस लोग खुद के लिए रोजाना 10,000 स्टेप्स का लक्ष्य रखते हैं। ऐसी धारणा भी है कि दिन में व्यक्ति को कम से कम 2200 स्टेप तो जरूर चलना ही चाहिए।

अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर कॉन्शस अधिकांश लोग वॉकिंग जरूर करते हैं। लेकिन वॉकिंग को अगर सही तरीके से और अलग-अलग रूपों में किया जाए तो इससे कई तरह के फायदे मिलते हैं। विभिन्न स्टडीज और दुनिया के कई एक्सपर्ट्स की राय के आधार पर हम यहां आपको बता रहे हैं, डिफरेंट टाइप की वॉकिंग और इसके फायदों के बारे में।

# तन-मन की फिटनेस मेंटेन रखे वॉकिंग

## क्या कहती हैं स्टडीज

हाल ही में प्रकाशित ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन की रिपोर्ट कहती है कि दिन के 2200 स्टेप्स चलना, हार्ट से जुड़ी बीमारियों और डायबिटीज का जोखिम कम कर सकता है। साथ ही इसमें यह भी कहा गया है कि डेली 9000 स्टेप्स ज्यादा कारगर साबित होते हैं। लेकिन सिर्फ ज्यादा स्टेप काउंट वाली वॉकिंग से ही लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का जोखिम कम नहीं होता है। इसलिए वॉकिंग के विभिन्न प्रकार और फायदों के बारे में जानना जरूरी है।

## हार्ट की होती है एक्सरसाइज

कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर कीथ बार का कहना है कि वॉकिंग की शुरुआत में कदम गिनना अकसर मददगार होता है लेकिन जब एक बार आपकी आदत 6000 से 8000 कदमों तक पहुंच जाए तो चलने की गति पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

कीथ बार के अनुसार, चलने से मांसपेशियां सिकुड़ जाती हैं, जिससे पैरों से ब्लड हार्ट तक पहुंचता है। इससे हार्ट पर जोर पड़ता है। यानी वॉकिंग करने से समय के साथ आपका हृदय मजबूत और एक्टिव बनता है। तेज चलने का उद्देश्य केवल अधिक कैलोरी घटाना ही नहीं बल्कि हार्ट को मजबूत करना भी होता है। यही नहीं घर से बाहर जब आप प्रकृति के करीब वॉक करते हैं तो आपका तनाव भी घटता है।

## करें डिफरेंट टाइप वॉकिंग

वॉकिंग करने का सबसे अच्छा फायदा यह है कि इसके साथ कई तरह के प्रयोग किए जा सकते हैं। आइए अलग-अलग एक्सपर्ट्स से जानते हैं डिफरेंट टाइप की वॉकिंग और उनसे मिलने वाले फायदे के बारे में।

**इम्यूनिटी बढ़ाए टच वॉक** : जब हम पेड़-पौधों को रोज टच करते हुए वॉक करते हैं तो न सिर्फ हमारा इम्यून सिस्टम मजबूत होता है बल्कि हमें



मानसिक शांति भी मिलती है। अमेरिकी वैज्ञानिक और थेरेपी एक्सपर्ट व्हिटनी कुल्टर इसकी वजह बताते हैं। उनके अनुसार, 'वॉक करते समय पेड़-पौधों को टच करना इसलिए फायदेमंद होता है क्योंकि उन पर मौजूद धूल में पाए जाने वाले बैक्टीरिया हमारे शरीर में इन्फ्लेमेशन को घटाते हैं और तनाव कम करते हैं।'



**लेग्स एक्सरसाइज के लिए हिल वॉकः** चढ़ाई वाले रास्तों पर चलना भी बहुत फायदेमंद होता है। शुरू-शुरू में सामान्य गति से ही हिल वॉक करें लेकिन धीरे-धीरे अपनी स्पीड बढ़ाने का प्रयास करें। जब आपकी गति बढ़ जाए तो इसके बाद आप हिल यानी वास्तविक चढ़ाई वाले रास्तों पर पैदल चलना शुरू करें। पहाड़ों पर चढ़ाई करना अपनी फिटनेस को मेंटेन करने का एक अच्छा तरीका है। सपाट रास्ते पर 12 या 15 हजार स्टेप चलने से बेहतर है कि आप चढ़ाई वाले रास्तों पर चलें। ब्रिटिश माउंटेनियरिंग काउंसिल के अनुसार, इस दौरान शरीर क्या महसूस कर रहा है और कौन-सी मांसपेशी पर ज्यादा जोर पड़ रहा है, उसे महसूस करें। कुछ मिनट के लिए ढलान पर उतरें और फिर चढ़ें। इससे पीठ, कमर, पैर, अंगुलियों, कंधों और पिंडलियों तक की बहुत अच्छी एक्सरसाइज होती है।



**मूड बेहतर करे सेंट वॉकः** 'जॉब फ्रॉम फियर' की लेखिका और क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट कार्लो मेरी मैनली कहती हैं, 'जब हम अपना ध्यान किसी स्पेसिफिक सेंसर जैसे कि वातावरण में उपस्थित महक पर लगाते हैं तो हम स्वाभाविक रूप से वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। सेंट वॉक का अनुभव हमें दिमागी भाग-दौड़ से दूर करता है, इससे तनाव घटता है और मूड बेहतर बनता है।'



**मेडिटेशन में हेल्पफुल स्पिरिट वॉकः** चलते हुए ध्यान लगाने में स्पिरिट वॉक मददगार होता है। आस-पास सैकड़ों लोगों के मौजूद होने के बावजूद खुद अपने भीतर प्रकृति से बात करना पूजा करने जैसा महसूस होता है। स्पिरिट वॉक करने के लिए चलते समय सांसों और कदमों पर ध्यान लगाएं। इससे कुछ देर बाद आप माइंडफुलनेस की स्थिति में पहुंच जाएंगे। इसके बाद आप प्रार्थना कर सकते हैं या फिर जो भी आपके पास उपलब्ध हो, उसके लिए ईश्वर के प्रति आभार जता सकते हैं। इससे आपको सुकून मिलेगा।

**हार्ट रेट इंप्रूव करे रकिंग वॉकः** नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन की डॉक्टर सादिया खान सलाह देती हैं कि चलने की तीव्रता को और अधिक बढ़ाने के लिए बैकपैक में अपनी क्षमता के अनुसार कुछ वजन लेकर चलना शुरू करें। इसे रकिंग कहते हैं। यानी कुछ भारी समान अपनी पीठ पर लेकर चलने की आदत डालें। इससे वॉकिंग के दौरान आपका हार्ट रेट बढ़ेगा, जो हार्ट की क्षमता को बेहतर करता है। हालांकि रकिंग शुरू करने से पहले एक्सपीरियंस्ड ट्रेनर से इसकी ट्रेनिंग जरूर लेनी चाहिए।

अनेक स्टडीज और दुनिया के कई एक्सपर्ट्स की राय से साबित होता है कि आप डिफरेंट टाइप की वॉकिंग से ही अपनी फिटनेस को काफी हद तक मेंटेन रख सकते हैं। *

### ब्रेन बनता है फिट-कूल



**तेज गति** से वॉक करने की प्रक्रिया पूरे शरीर में रक्त और ऑक्सीजन के फ्लो को बढ़ाती है। 'वॉक योर वे कॉम' पुस्तक की लेखिका जेनिफर वाल्स कहती हैं, जैसे ही आप चलना शुरू करते हैं, मस्तिष्क में ब्लड फ्लो बढ़ना शुरू हो जाता है। यह न केवल दिमाग को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है बल्कि नियमित वॉक से फील गुड हार्मोन एंडोर्फिन भी रिलीज होता है, जो डिप्रेशन और एंग्जायटी को कम करने में मददगार होता है। इस तरह ब्रेन फिट और कूल रहता है।

फिटनेस फंडा

जान खान

इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी है' में नंदिनी के पति नरेन रतनशी की भूमिका एक्टर जान खान निभा रहे हैं। वह अपनी हेल्थ और फिटनेस का ध्यान कैसे रखते हैं, जानिए उन्हीं से।

# मैं कितना भी बिजी रहूं एक्सरसाइज जरूर करता हूं

टीवी एक्टर जान खान अपनी एक्टिंग को लेकर जितने सीरियस रहते हैं, उतना ही वे अपनी फिटनेस पर भी ध्यान देते हैं। इसके लिए वे अपनी डाइट और वर्क-आउट शेड्यूल को स्ट्रिक्टली फॉलो करते हैं। यहां **हरिभूमि** को अपना फिटनेस मंत्र बता रहे हैं, जान खान अपनी जुबानी।

**फिटनेस आइडियल** : मेरे फिटनेस आइडियल शाहरुख खान हैं। इसकी वजह यह है कि वर्षों से यानी नब्बे के दशक से लेकर आज तक उन्होंने अपनी बॉडी को मेंटेन कर रखा है। वे अपने वेट को कंट्रोल रखते हैं। खुद को फिट और हेल्दी रखने के लिए वे अपना पूरा ध्यान रखते हैं। उनकी इस अप्रोच से मैं बहुत इंस्पायर होता हूं।

**डाइट प्लान** : जहां तक मेरे रूटीन डाइट प्लान की बात है तो मैं रोज सुबह म्यूसली के साथ बादाम-दूध और ड्राई फ्रूट्स जरूर लेता हूं। इसके अलावा मैं रोज सुबह च्यवनप्राश भी खाता हूं। यह हैबिट बचपन से ही है। मैं



अपनी डाइट को लेकर पूरी तरह कॉन्शस रहता हूं। मैं ऐसे फूड्स नहीं खाता, जिससे आलस या सुस्ती आए। इसीलिए मैं जंक फूड्स को अवॉयड ही करता हूं।

**वर्क-आउट शेड्यूल** : मैं अपने वर्क-आउट शेड्यूल को लेकर स्ट्रिक्ट रहता हूं। चाहे कितना भी बिजी क्यों न रहूं, एक्सरसाइज के लिए वक्त निकाल ही लेता हूं। शूटिंग की शिफ्ट अगर सुबह नौ बजे की होती है, तो मैं सुबह सात से साढ़े आठ बजे तक वर्क-आउट करता हूं। अगर सुबह सात बजे की शिफ्ट हो, तो मैं शाम या रात में वर्क-आउट करता हूं।

मैंने अपने लिए कोई स्पेशल वर्क-आउट रूल नहीं बनाया है। मैं फिट, हेल्दी और एक्टिव रहने के लिए एक्सरसाइज करता हूं। मुझे कोई बॉडी बिल्डर भी नहीं बनना है, इसलिए वेट लिफ्टिंग या हार्डकोर एक्सरसाइज के बजाय मैं कार्डियो, पुशअप्स, चिनअप्स और बॉडी वेट एक्सरसाइज अधिक करता हूं।

**मेंटल हेल्थ** : मैं अपनी मेंटल हेल्थ पर भी पूरा ध्यान देता हूं। मेंटली हेल्दी रहने के लिए मैं डेली प्रेयर करता हूं। परिवार के साथ कुछ समय बिताता हूं। मेरा मानना है, 'वर्क हार्ड, पार्टी हार्डर।' इसलिए, जब कभी भी मैं फ्री होता हूं, अपने फ्रेंड्स के साथ पार्टी करता हूं। इससे मैं काफी रिलैक्स फील करता हूं। मैं हर हाल में पॉजिटिव और हैप्पी रहता हूं, इससे स्ट्रेस-फ्री और मेंटली हेल्दी रहता हूं। *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क

# बहुपयोगी जड़ी-बूटी इंडियन बोरेज

हर्बल मेडिसिन

रेखा देशराज

तमिल में एक कहावत है, 'अगर आपके घर में बच्चे हैं, तो आपको घर पर इंडियन बोरेज जरूर उगाना चाहिए।' इस कहावत में ही इस जड़ी-बूटी का महत्व छिपा हुआ है। आयुर्वेद की नजर से देखें तो यह सामान्य सी जड़ी-बूटी कई बीमारियों के लिए घरेलू दवा का काम करती है। इंडियन बोरेज को तमिल में करपूरावल्ली और हिंदी में पत्थर चूर कहते हैं। हरे, मोटे और गदबदे पत्तों वाली यह जड़ी-बूटी, गर्मियों में होने वाली एलर्जी, फ्लू, श्वांस संबंधी परेशानियों और जुकाम होने पर बहुत फायदेमंद है।



**उगाना है आसानः** इसे बहुत आसानी से घर के किसी भी कोने या गमले में उगाया जा सकता है। इसके पौधे की किसी परिपक्व टहनी को कटिंग करके भी इसे विकसित किया जा सकता है। इंडियन बोरेज एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जो हाल के सालों में पूरी दुनिया में बहुत मशहूर हुई है। आयुर्वेद में इसके उपयोग से संबंधित अनेक नुस्खे दिए गए हैं। इसकी पत्तियों से कई तरह की औषधियां बनती हैं। इसके रस से कई तरह के सिरप बनाए जाते हैं।

**ऐसे करें उपयोगः** अगर बच्चों को बुखार आ रहा हो तो एक चम्मच इंडियन बोरेज की पत्तियों के जूस को पानी में मिलाकर पिलाने से बुखार उतर जाता है। अगर वयस्क को बुखार हो तो दो बड़े चम्मच बोरेज का जूस पीने से बुखार उतर



जाता है। कई लोगों को छाती में बलगम जमा हो जाता है, उससे छुटकारा पाने में इंडियन बोरेज बहुत कारगर है। इसके लिए इसकी पत्तियों को पांच मिनट तक पानी में उबालना चाहिए, फिर उस काढ़े को हल्का गुनगुना रहते हुए पी लेना चाहिए। श्वांस नली में रुका हुआ बलगम बहुत तेजी से बाहर निकल जाता है।

खांसी, ब्रोंकाइटिस और नाक से संबंधित परेशानियों में भी यह जड़ी-बूटी रामबाण का काम करती है। अस्थमा और एलर्जी की यह सबसे कारगर घरेलू दवा है। इसकी पत्तियों के रस को मिसरी में मिलाकर चाटने से श्वांस नली का संक्रमण सही हो जाता है। बच्चों के गले में इंफेक्शन हो गया हो या सर्दी-जुकाम हो तो उन्हें मिसरी मिलाकर इंडियन बोरेज के जूस को चटाना चाहिए।

अगर किसी कीड़े-मकोड़े ने काट लिया है तो इसकी पत्तियों से निकले रस को स्किन पर लगाना चाहिए, जिससे कीड़े-मकोड़े के काटने का सारा असर कुछ ही घंटों में दूर हो जाता है। खुजली में भी इसका रस बहुत कारगर है। इसका रस शरीर में लगे घाव और संक्रमण को आसानी से सही करता है।

जिन महिलाओं को नवजात शिशु को दूध पिलाने में दिक्कत आ रही हो, उनके स्तनों में अच्छे से दूध न उतर रहा हो, उन महिलाओं को इंडियन बोरेज की पत्तियां खानी चाहिए या इसका जूस बनाकर पीने से दूध आसानी से उतरता है।

खाना पकाने में भी इंडियन बोरेज का इस्तेमाल होता है। यह भी कई दूसरी जड़ी-बूटियों की तरह खाने के स्वाद को बढ़ाती है। लेकिन इंडियन बोरेज को दवा के रूप में इस्तेमाल करने के पहले किसी वैद्य या हर्बल एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए, अन्यथा इससे कई किस्म की समस्याएं हो सकती हैं। *

दुनिया भर के कई हेल्थ एक्सपर्ट्स हेल्दी-एनर्जेटिक रहने के लिए वीगन डाइट फॉलो करने की सलाह देते हैं। क्या हैं इसकी खासियतें, इस बारे में आप भी जरूर जानना चाहेंगे।

डाइट सजेशन

डॉ. सुधा मौर्य

# रहें हेल्दी-एनर्जेटिक फॉलो करें वीगन डाइट

बीते कुछ वर्षों से पूरी दुनिया में वीगन और वेजीटेरियन डाइट का ट्रेंड बढ़ रहा है। वीगन डाइट पूरी तरह से प्लांट बेस्ड होता है। पौधों से प्राप्त होने वाली सब्जियों, अनाज, नट और फल को वीगन डाइट कहते हैं। इसमें डेयरी उत्पादों और अंडों सहित जानवरों से मिलने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करते हैं। वेजीटेरियन डाइट में डेयरी प्रोडक्ट और दूध का सेवन कर सकते हैं लेकिन वीगन डाइट में जानवरों से प्राप्त किसी भी खाद्य पदार्थ का सेवन नहीं किया जाता है। इसमें मटन, चिकन, मछली, अंडे, पनीर, मक्खन, दूध, क्रीम, दही, छाछ, मेयोनेज, शहद का सेवन नहीं किया जाता है।



**कई रोगों से बचाने में कारगर** : कई अध्ययनों से पता चलता है कि वीगन डाइट का सेवन करने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करना आसान होता है क्योंकि इसमें कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट की ज्यादा मात्रा होती है, जिससे हाई बीपी नियंत्रण में रहता है। नॉनवेज डाइट में सैचुरेटेड फैट होता है, जो अधिक मात्रा में खाने पर हृदय संबंधी समस्याओं को बढ़ाता है। वीगन डाइट बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) को 25% तक कम कर सकता है। साथ ही वीगन डाइट टाइप 2 डायबिटीज होने के रिस्क को 34% तक कम कर सकता है और मोटापे का रिस्क भी कम करता है। इसकी वजह यह है कि इसमें खाए गए खाद्य पदार्थ धीरे-धीरे पचते हैं, जिससे भूख कम लगती है। इस तरह यह वजन कम करने का स्वस्थ और प्रभावी तरीका है क्योंकि इसमें शरीर को कैलोरी मिलती है लेकिन फैट जमा नहीं होता है। यह कैंसर के रिस्क को भी कम करता है क्योंकि इसमें एंटी कैंसरस न्यूट्रिएंट्स विटामिन, फाइबर, फाइटोकेमिकल्स पाए जाते हैं। यह दिमाग को भी फायदा पहुंचाता है और अल्जाइमर के डेवलपमेंट को धीमा कर देता है। अध्ययन में यह पाया गया है कि प्रतिदिन 100 ग्राम फल और सब्जियां खाने से कॉगनेटिव लॉस और डिमेंशिया का जोखिम 13% तक कम हो जाता है। यह स्ट्रोक के खतरे को भी कम करता है। इसके अलावा डिप्रेशन और एंग्जाइटी की समस्या भी इस डाइट को खाने से दूर होती हैं। इसमें प्रोटीन और आयरन भरपूर मात्रा में होता है, जिससे ऊर्जा का स्तर बढ़ता है, थकावट महसूस नहीं होती और शरीर मजबूत बनता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, कई विटामिंस और मिनरल्स की अत्यधिक मात्रा होने से शरीर डिटॉक्स होता है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं।

**इसका भी रखें ध्यान** : वीगन डाइट लेने के अनेक फायदे होने के साथ-साथ कभी-कभार इसकी वजह से एनीमिया, हार्मोन के असंतुलन, विटामिन-बी 12 की कमी और ओमेगा 3 फैटी एसिड की कमी से अवसाद समेत कुछ समस्याएं होने की आशंका रहती है। इसलिए वीगन डाइट अपनाने से पहले डॉक्टर और डाइटीशियन से कंसल्ट कर लेना चाहिए। *

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### मल बहाने पर 2 डेयरी संचालकों पर जुर्माना

**गोहाना।** नगर परिषद गोहाना ने पशुओं का मल नालियों में बहाने वाले दो डेरी संचालकों पर कार्रवाई की। दोनों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना ठोका गया। उनको हिदायत दी गई कि वे दोबारा पशुओं का मल नालियों में बहाएं और अपने स्तर पर प्रबंध करें। आदेश की अवहेलना करने पर फिर से चालान किया जाएगा।

### अज्ञात ट्राले की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**गन्नौर।** सब्जी लेने जा रहे बाइक चालक सवार को तेज रफ्तार ट्राले ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक चालक व सवार सड़क पर गिर कर घायल हों गए। राहगीरों ने हॉस्पिटल में दाखिल कराया, जहा डॉक्टर ने संधू नायक को मृत घोषित कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। घायल सदन हरपुर रेवाड़ी, समस्तीपुर बिहार निवासी ने बताया कि सनपेड़ा सिथत एचआरएल फूड्स में काम करता है।

### मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी, केस

**गन्नौर।** गांव पांची जाटान में बिजली के ठेकेदार के पास काम करने वाले युवक व उसकी पत्नी, बेटे के साथ मारपीट कर धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । पांची जाटान के रहने वाले रामकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि में बिजली विभाग (सोनीपत) में ठेकेदार के अंडर काम करता हूं । 22 अप्रैल को जब मैं घर पर आ रहा था तो फोन आया जो मुझे गंदी-गंदी गालियां में जान से मारने की धमकी देने लगा।

### मारपीट करने,धमकी देने का लगाया आरोप

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में निजी स्कूल के पास सड़क पर अपने दोस्त के आने का इंतजार कर रहे युवक से मारपीट कर घायल करने व मारपीट की वीडियो बनाकर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### शादी समारोह में आए युवक की बाइक चोरी

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के गांव जाखौली में शादी समारोह में आए युवक का दो-पहिया वाहन चोरी हो गया। वाहन चालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बागपत निवासी प्रशांत ने बताया कि वह अपने मामा के घर गांव जाखौली में आया हुआ था। रात को अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा कर दिया।

### मारने की धमकी देने का आरोप, केस दर्ज

**सोनीपत।** अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग के पास 352 ए के खंड-2 में चल रहे निर्माण कार्य को करने वाले श्रमिकों से मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप काम मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जाचं कर रही है।

---

उप सिविल सर्जन, डीएमएस सहित चार तीन दिन की ट्रेनिंग पर

# नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों का टोटा, मरीजों को भारी परेशानी

अस्पताल में तैनात एक चिकित्सक कोर्ट एविडेंस दो चिकित्सक छुट्टी पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

## सुबह से दोपहर तक ओपीडी के समय अस्पताल में मरीजों की भीड़ जुटी





**सोनीपत।** ओपीडी में लगी भीड़ व चिकित्सक के आने के इंतजार में फर्श पर बैठकर इंतजार करते मरीज। *फोटो :हरिभूमि*

जिले के नागरिक अस्पताल में मरीजों को उपचार की सुविधा लेने में कड़ी मशक्त करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बुधवार को चिकित्सकों की कमी के चलते मरीज परेशान रहे। उप सिविल सर्जन, डीएमएस समेत चार चिकित्सक तीन दिन की ट्रेनिंग के लिए दिल्ली स्थित एम्स गए हुए थे। एक चिकित्सक कोर्ट एविडेंस पर जाने व दो चिकित्सक छुट्टी पर रहे। जिसकी वजह से बुधवार को इलाज कराने के लिए पहुंचे मरीजों को लंबी लाइनों में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दें कि दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनाने के लिए गठित मेडिकल बोर्ड को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोनीपत के जिला नागरिक अस्पताल से उप सिविल सर्जन समेत चार चिकित्सक दो दिन से प्रशिक्षण पर गए हुए हैं। इनमें उप सिविल सर्जन डा. सीताराम, उप चिकित्सा अधीक्षक (डीएमएस) डा. गिन्नी लांबा, फिजिशियन डा. शैलेंद्र राणा, डा. राकेश फोगाट शामिल है। बुधवार को डीएसएम डा. संदीप लठवाल व फिजिशियन डा. संदीप शर्मा निजी अवकाश पर होने के चलते लोगों के काम प्रभावित हुए। ऐसे में फिजिशियन डा. सीमा सिंह व डा. नवनीत ही ओपीडी संभाल रहे थे। जिससे चिकित्सक कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी हुई थी। वहीं हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. विपिन दलाल कोर्ट एविडेंस पर गए हुए थे। अस्पताल में बुधवार को चिकित्सकों की कमी होने के कारण मरीजों के अपना उपचार कराने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से लेकर दोपहर तक ओपीडी के दौरान अस्पताल में मरीजों की भीड़ जुटी रही। यहां तक अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले लोगों को अपनी चिकित्सा जांच कराने के लिए भी काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। डीएमएस डा. गिन्नी लांबा के प्रशिक्षण पर जाने के चलते अस्पताल के प्रशासनिक कार्य संभालने का चार्ज डा. अनुराधा जैन को दिया है। वहीं अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले लोगों को चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र जारी करने का चार्ज डा. अलंकृता गेरा को दिया है। उम्मीद है कि प्रशिक्षण लेने दिल्ली स्थित एम्स में गया चिकित्सक दल शुक्रवार को जिला अस्पताल में लौटेगा। चिकित्सकों के आने के बाद मरीजों को उपचार कराने के लिए राहत मिल सकेगी।

### जल्द मिलेगी राहत

सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार चिकित्सक प्रशिक्षण के लिए एम्स दिल्ली में गए हुए है। ऐसे में प्रधान चिकित्सक अधिकारी के चार्ज को हाल में डा. अनुराधा जैन को सौंपा गया है। वहीं प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए डा. अलंकृता को दिया गया है। ओपीडी में तैनात दो चिकित्सक छुट्टी पर है। वहीं हड्डी रोग विशेषज्ञ की कोर्ट में एविडेंस थी। जिसके चलते अन्य चिकित्सकों को ओपीडी में ड्यूटी पर तैनात किया गया है। आगामी दो दिनों बाद चिकित्सक वापिस ड्यूटी पर लौट आयेगें। मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जायेगी। *डा. जयकिशोर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।*

---



**खरखौदा।** हत्या मामले में घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

## शव को खुर्दबुर्द करने के लिए खंडहर घर में गड्डा खोद दबाया

- आरोपित की मां को मामले का पता लगा तो बेटे को लेकर पहुंची थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत/खरखौदा

प्रताप कॉलोनी में रहने वाले एक युवक की हत्या कर शव को खुर्दबुर्द करने के लिये खंडहर कमरे में गड्डा बनाकर उसमें दबाने का मामला सामने आया है। पता चला है कि वेटर का काम करने वाले युवक की हत्या उसी के दोस्तों ने की है। हत्या की वजह रुपयों का लेनदेन बताया जा रहा है। एक आरोपित की मां को मामले का पता लगा तो वह बेटे लेकर थाने में पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम कराया।

पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर दोनों दोस्तों के खिलाफ हत्या व शव को खुर्द बुर्द करने का मुकदमा दर्ज कर उन्हें पकड़ लिया। उनमें नाबालिग साथी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया और दूसरे को एक दिन के रिमांड पर लिया है। मूलरूप से गांव लाठ जौली फिलहाल खरखौदा की प्रताप कॉलोनी निवासी संजू ने पुलिस को बताया कि वह सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते है। उनके छोटे भाई सचिन (24) शादियों व अन्य कार्यक्रमों में वेटर का काम करता था। खरखौदा की गुरुकुल वाली गली में रहने वाला कमल और एक नाबालिग लड़का उसके दोस्त थे। वह अक्सर साथ ही रहते थे। सचिन सोमवार की रात को घर पर नहीं था। ऐसे में उन्होंने रात सवा आठ बजे उसे कॉल की थी। सचिन ने कुछ देर बाद आने की बात कही थी, लेकिन वह वापस नहीं आया। सचिन अपने साथी कमल व नाबालिग दोस्त के साथ ही खाता-पीता और घूमता था। वह सोमवार को भी उनके साथ ही था। जिस पर संजू ने उन पर ही सचिन की हत्या कर छिपाने का शक जताया था। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### एक दिन के रिमांड पर

सचिन के दोस्तों ने ही उसकी पैसों के लेनदेन में हुई कहासुनी के बाद हत्या की है। आरोपित ने बताया कि सचिन उनके पैसे वापस नहीं दे रहा था। सोमवार को जब तीनों ने शराब पी तो रुपये मांगने पर उनका विवाद हो गया। जिसके बाद सुएं व बोतल से हमला कर दिया। नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। आरोपित को न्यायालय में कमल को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।
*-अंकित कुमार, थाना प्रभारी खरखौदा।*

---

### ट्रस्ट ने मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**खरखौदा।** फरमाणा के राजकीय कन्या विद्यालय में बुधवार को पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अनुभव गहलावत मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में 11 स्कूलों के 180 छात्र -छात्राओं व 33 अध्यापकों को सोने व चांदी के मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अनुभव गहलावत मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया गहलावत खाप के प्रधान दयानंद गहलावत ने पुरस्कार वितरण किया। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य सिर्फ शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करना है। ग्रामीण आंचल में पिछले ग्यारह वर्ष से इस ट्रस्ट के माध्यम से सेवा का भाव लेकर काम कर रहे हैं। जिसके तहत ग्रामीण आंचल के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करके प्रतिस्पर्धा की दौड़ में आगे लेकर आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इसी सोच को लेकर हम सरकारी स्कूलों के उन विद्यार्थियों को सम्मानित कर रहे हैं जो कड़ी मेहनत करके बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। पर फरमाणा के सरपंच जगदीश सिंह उर्फ जग्गी, पूर्व एसीपी एवं समाजसेवी जोगिंद्र सिंह गहलावत ,गहलावत खाप के अठगामा प्रधान सतबीर नंबरदार आदि मौजू रहे।



छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते दयानंद गहलोत।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ क्लब के पदाधिकारी।

### विद्यालय में स्थापित किया इंटरेक्ट क्लब

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट ने बुधवार को श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में एक और इंटरेक्ट क्लब की स्थापना की। क्लब के प्रधान डॉ. निखिल चुघ ने बताया कि स्कूल के बच्चों में बचपन से ही सेवा भावना जागृत करने के लिए विभिन्न स्कूल में इंटरेक्ट क्लब खोले जाते है। रोटरी अरडेंट द्वारा इस से पहले भी शहर के कई स्कूल में इंटरेक्ट क्लब चलाए जा रहे है। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल और स्टाफ ने क्लब के सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. मंजीत कोर, राजन मक्कड़, मीनाक्षी, राजेश कटारिया, शशि कटारिया, अभिषेक गुप्ता, संजय अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### चैंपियनशिप में गौरव ने जीता रजत पदक

**सोनीपत।** साउथ एशियन कुराश चैम्पियनशिप का आयोजन 19 व 20 अप्रैल 2024 को केरला के कोचिन में किया गया। जिसमें इंडियन जूडो एकेडमी के खिलाड़ी गौरव ने 81 किलोग्राम में भाग लेकर रजत पदक जीतकर अपने राज्य, जिले, अपने कोच का नाम रोशन किया है। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण ने विजेता खिलाड़ी को पदक व फूल माला पहनाकर स्वागत किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य गाहल्याण ने जूडो कोच सतपाल गुलिया की प्रसंशा करते कहा कि गुलिया जी के सानिध्य में विद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत रहे हैं। विजेता खिलाड़ी ने भी जीत का श्रेय अपने कोच और अपने माता-पिता को दिया। विद्यालय प्रबंधक नीलम, खेल प्रबंधक सुरेंद्र मौजूद थे।



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ी के साथ प्राचार्य एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*



अलंकरण समारोह में गुरुजनों के साथ विद्यार्थी परिषद में चयनित छात्राएं।

### हर्षिता को कैप्टन-हिमांशी वाइस कैप्टन चुना

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्रा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय छात्र परिषद का गठन किया गया। कुलपति प्रो. सुदेश ने इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्राओं व विद्यालय प्रबंधन के बीच छात्र परिषद एक कड़ी का कार्य करती है। प्राचार्या सुमिता सिंह ने बताया कि विद्यालय छात्र परिषद के गठन का उद्देश्य सभी छात्राओं में उत्तरदायित्व व नेतृत्व की भावना विकसित करना एवं व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए प्रेरित करना है। छात्र परिषद खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में अहम भूमिका निभाएगी। समारोह में हर्षिता को स्कूल कैप्टन तथा हिमांशी को वाइस कैप्टन चुना गया। गंगा सदन से इशु, ब्रह्मपुत्र सदन से महक, कावेरी सदन से अवंशिका तथा नर्मदा सदन से विनीता को सदन कैप्टन बनाया गया। कावेरी सदन से संगीता ने मंच संचालन किया। सुनीता शर्मा ने कार्यक्रम आयोजन में सहयोग दिया।

### फैशन डिजाइनिंग-रिटेल प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** गांव गढ़ी उजाले खां स्थित पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को फैशन डिजाइनिंग और रिटेल की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में दोनों विषयों के विद्यार्थियों की प्रतिभा झलकी। प्रदर्शनी के माध्यम से कौशल विषयों की सकारात्मकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। कौशल प्रदर्शनी की अध्यक्षता प्रिंसिपल सुशील बंसल ने की। संयुक्त संयोजन फैशन डिजाइनिंग की टीचर रमन और रिटेल विषय के शिक्षक नवीन कुमार ने किया। प्रदर्शनी में दोनों विषयों के विद्यार्थियों ने मॉडलों और चार्ट्स प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए बच्चों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। प्रदर्शनी को देखने के लिए जो विशिष्टजन पहुंचे, उनमें पूर्ण सिंह, दलबीर सिंह, नरेश चहल, पूनम, निर्मल वत्स, ज्योति, पुष्पा, प्रियंका, मनोज, हरप्रीत, शोभा, प्रोमिला, निर्मला, अर्शिया आदि भी पहुंचे।



प्रदीप चहल को सम्मानित करते एसोसिएशन के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रदीप एआईओसीडी के सदस्य नियुक्त

गोहाना। ऑल इंडिया आगेर्नाइजेशन ऑफ कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (एआईओसीडी) ने प्रदीप चहल को अपना कार्यकारी सदस्य नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को लेकर गुरुवार को उसके सहयोगियों ने उसे सम्मानित किया। प्रदीप चहल गोहाना कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली को देखते हुए अब उनको उक्त एक और नई जिम्मेवारी सौंपी गई है। नई नियुक्ति की घोषणा एआईओसीडी के उपाध्यक्ष अशोक सिंगला ने की। प्रदीप चहल ने इस नई जिम्मेवारी के लिए अशोक सिंगला का आभार व्यक्त किया। सम्मान समारोह में कैमिस्ट एसोसिशन से पूर्व अध्यक्ष रमेश खुराना, जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह, जिला लेखाकार ओमप्रकाश जैन, गोहाना इकाई के सचिव सुरेश बजाज, खजांची हरिप्रकाश गुप्ता, लेखाकार पुरुषोतम गोयल, उपाध्यक्ष एसएन गुप्ता, संगठन सचिव रमेश अरोड़ा, प्रैस प्रवक्ता सुरेश परुथी, पीआरओ राकेश गम्बर, संयुक्त सचिव अशोक शर्मा, नवीन कटारिया, अमित सैनी, दीपक अरोड़ा, प्रमोद गुप्ता और गुलशन बजाज मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

**राई ।** खेल विश्वविद्यालय, राई द्वारा 26 अप्रैल तक एथलीटों के साथ-साथ एमएनएसएस और एसयूओएच के एथलीटों और प्रंशिक्षकों के लिए ताकत और कंडीशनिंग के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नवीनतम रुझानों को सीखना और लागू करना है। इस दौरान भारतीय वॉलीबॉल टीम और असम रणजी टीम के साथ काम कर रहे प्रतिष्ठित स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विशेषज्ञ भास्कर बोरा ने एमएनएसएस और एसयूओएच के कोचों को समय-निर्धारण, वार्म-अप, कूल डाउन, शक्ति, सहनशक्ति, गतिशीलता और शक्ति विकास के बारे में विस्तार से जानकारी देते उन्हें प्रशिक्षण दिया। स्वयं मास्टर्स श्रेणी में एक अंतर्राष्टरीय बैडमिंटन खिलाड़ी होने के नाते उपस्थित कोचों को मागदर्शन प्रदान करते चोट की रोकथाम और खेल प्रदर्शन को अनुकूलित करने के लिए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग के महत्व के बारे में जानकारी दी।



विद्यार्थी प्रबंधन व मैपस्को सोसायटी सदस्यों के साथ पौधारोपण करते हुए।

### छात्रों ने चलाया पौधरोपण अभियान

सोनीपत। साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने मैपस्को सोसायटी में पौधारोपण अभियान चलाया। जिसके तहत विद्यार्थियों ने सोसायटी सदस्यों के साथ पौधे भी रोपे। धरती को हरा भरा बनाने के लिए विद्यार्थियों की तरफ से चलाए गए अभियान की साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारा एक छोटा सा योगदान भी धरा को हरा भरा बनाने और वातावरण को शुद्ध रखने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। पेड़ कम होने और वाहनों की संख्या बढ़ने से वातावरण भी प्रदूषित होता जा रहा है। इसके लिए साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रबंधन के साथ मिलकर एक अनूठी पहल शुरू की है, ताकि पर्यावरण को शुद्ध रखने में मदद मिल सके। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने भी विद्यार्थियों की इस पहल की प्रशंसा की।

### अनाजमंडियों में भीग रहा गेहूं : इन्दुराज

**गोहाना।** बरोदा हलका के कांग्रेस विधायक इन्दुराज नरवाल ने कहा कि सरकार द्वारा अनाजमंडियों में किसानों के गेहूं को बारिश में भीगने से बचाने के लिए तिरपाल तक की व्यवस्था नहीं की गई है। बारिश होने पर किसानों का गेहूं भीग जाता है। मंडियों से गेहू की बोरियों का उठान भी देरी से हो रहा है। ऐसे में किसानों के आढ़ती भी परेशान हैं। विधायक ने कहा कि मंडियों में गेहू डालने के बाद किसान के पैसे का भुगतान भी समय पर नहीं किया जा रहा है। सरकार दावे कर रही है कि मंडी में फसल डालने के 48 से 72 घंटे में किसानों की फसल के पैसे का भुगतान कर दिया जाता है जबकि सच्चाई इसके विपरित है। मंडियों में गेहूं डालने के 12 से 15 दिन तक बीत जाते हैं। उसके बाद उनको भुगतान किया जाता है। मंडियों में गेहूं डालने की पर्याप्त जगह तक नहीं है। किसानों को सडकों पर अपना गेहूं डालने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

---

मुख्य सचिव ने वीसी से की चुनावी तैयारियों के साथ चिंहित अपराधों की समीक्षा बैठक

# नशा पकड़ने पर सोनीपत को बेस्ट डिस्ट्रिक्ट का दर्जा

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत



**सोनीपत।** अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त। *फोटो :हरिभूमि*

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब व मादक पदार्थों की पकड़ के मामले में हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने सोनीपत को बेस्ट डिस्ट्रिक्ट का दर्जा दिया। साथ ही उन्होंने करोड़ों रुपये की अवैध शराब पकड़ने के लिए पुलिस विभाग की प्रशंसा की।

बुधवार की सुबह वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हरियाणा के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत जारी तैयारियों के साथ चिन्हित अपराधों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने जिलावार अवैध शराब व मादक पदार्थों की पकड़ व रिकवरी के साथ चिन्हित अपराधों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि अवैध शराब पर लगाम लगाने के मामले में सोनीपत जिला प्रशासन ने सबसे बेहतरीन कार्य किया है। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने जानकारी दी कि जिला में हाल ही में करीब पांच करोड़ छह लाख रुपये की अवैध शराब पकड़ी गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दृष्टिद्गत विशेष नाका लगाये गये हैं। पुलिस व एक्साईज विभाग की टीम बेहतरीन तालमेल के साथ आगे बढ़ रही है, जिसके सफल परिणाम मिल रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने वीडियो कान्फ्रेंस के उपरांत मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि अवैध शराब की कोई भी गतिविधि यहां नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए प्रयासों को और कड़ा किया जाए। नाको पर वाहनों की चैकिंग जारी रखें। किसी भी संदिग्ध वाहन को चैकिंग के बिना न जाने दें। संदिग्ध स्थानों पर भी छापामार कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध शराब का उत्पादन व बिक्री न होने पाए। इसके साथ ही उपायुक्त ने चिन्हित अपराधों पर भी विस्तार से मंथन किया। उन्होंने कहा कि जिला में 10 चिन्हित अपराधों में सजा मिली है। बैठक में एसडीएम अमित कुमार, सीटीएम पूजा कुमारी, डीए सुनील खत्री, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, डीपीओ प्रवीण कुमारी आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



**गोहाना।** लिखित शिकायत के साथ रोष जाहिर करते यात्री। *फोटो : हरिभूमि*

### बाइपास से बस जाने पर यात्रियों ने जताई आपत्ति

**गोहाना।** गोहाना-जुलना रूट के यात्रियों ने गोहाना-जुलाना रूट पर चलने वाली रोडवेज की बस को बाइपास से गुजारने पर कड़ी आपत्ति जताई है। यात्रियों ने बस को बाइपास की बजाए शहर के बीच में से गुजरने वाले बरोदा रोड से गुजारने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि बस को शहर के बीच में से न गुजारने से यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। इस संदर्भ में यात्रियों ने विभाग के एसएस को शिकायत दी। यात्री एवं गांव रिंढाणा के पूर्व सरपंच बिजेंद्र सिंह चहल ने कहा कि गोहाना-जुलाना रूट पर 23 अप्रैल को सायं 6 बजे गोहाना बस अड्डे पर पहुंचने वाली बस महम रोड से बाइपास से बस स्टैंड पर चली गई। इसी प्रकार 24 अप्रैल को प्रात. 10:30 बजे जुलाना से चलकर गोहाना पहुंचने वाली बस भी महम रोड बाइपास से बस स्टैंड पर पहुंची। 24 अप्रैल को ही दोपहर बाद 3:30 बजे जुलाना जाने वाली बस को भी महम रोड बाइपास से गुजार दिया गया। राजबीर रंगा, राममेहर और रणबीर ने कहा कि बसों को बाइपास से गुजारने पर शहर में अंबेडकर चौक, समता चौक और बरोदा रेलवे फाटक पर सवारियां बस का इंतजार करती रहती हैं। सोमबीर, रामकरण और राजबीर सिंह ने कहा कि रूट की बसों को बाइपास की बजाए अंदर से गुजारा जाए।

**सूचना**

हम, बलवान सिंह पुत्र नन्दू राम व सुमित्रा पत्नी श्री बलवान निवासी मकान नं. 580, प्रेम नगर, वार्ड नं. 4, गोहाना तह. गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा) बयान करते हैं कि हमारा पुत्र सुमित हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सोना देवी पत्नी स्व. श्री सतबीर सिंह निवासी गांव बोंद कलां भिवानी हाल आबाद गांव बहलबा तह. महम जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र जूगनू व मेरी पुत्रवधु श्रीमती खुशी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### शादी समारोह में जाना परिवार को पड़ा महंगा

**गन्नौर।** गन्नौर के शास्त्री नगर में शादी समारोह में जाना परिवार के लिए महंगा पड़ गया। परिवार जब शादी में गया हुआ था तो 22 अप्रैल की रात को चोरों ने घर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर समान व लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी की शिकायत मकान मालिक ने पुलिस को दी । गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी ।

### मारुति कंपनी के फोरमैन से छीनी बाइक

**खरखौदा।** आईएमटी खरखौदा स्थित मारुति कंपनी के फोरमैन से तीन युवकों ने उसकी मोटरसाइकिल छीन ली। सोनिया विहार दिल्ली निवासी अखिलेश ने बताया कि वह मोटरसाइकिल पर खरखौदा से आईएमटी में ड्यूटी पर जा रहा था। जब वह गोपालपुर रजवाहे के पुल पर पहुंचा तो तीन युवकों ने उसे रोक लिया। उन्होंने कहा कि हमारे एक साथी को चोट लग गई है, इसे अस्पताल लेकर जाना है।

### ड्यूटी पर तैनात जवान को टक्कर मार कर किया घायल

**खरखौदा।** सैदपुर पुलिस नाके पर तैनात एसपीओ जवान को एक गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सोनीपत के ट्यूलिप अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल कराया गया है। रात्रि को लगभग 1 बजे के एस पी ओ संदीप सैदपुर चौक नाके पर ड्यूटी दे रहा था। इसी दौरान एक गाड़ी ने उसे सीधी टक्कर मार दी। गाड़ी को गिरनावटी कलानौर निवासी भूपेंद्र चला रहा था। गाड़ी में दो अन्य व्यक्ति भी बैठे थे।

### केएमपी पर हुई सड़क दुघर्टना में युवक की मौत

**खरखौदा।** कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर पिपली टोल प्लाजा के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक राहुल गांव नगला, जिला झज्जर का रहने वाला था। मृतक राहुल के भाई हरकेश के बयान पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। नगला गांव जिला झज्जर के रहने वाले हरकेश का कहना है कि वह अपने भाई राहुल के साथ घर पर था। वह खाना खाने बैठे तो उसके भाई के पास किसी का फोन आया तो वह बात करते हुए ऊपर चौबारे पर चला गया।

# डीक्रूटा का आरोप, विवि प्रबंधन उड़ा रहा विवि एक्ट की धज्जियां

**मुरथल स्थित डीक्रस्ट में व्यवस्थाओं को लिया एसोसिएशन ने खोला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा**

**कल से देंगे धरना, आज की नारेबाजी और रोष प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की टीचर एसोसिएशन ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर विश्वविद्यालय एक्ट की धज्जियों उड़ाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विश्वविद्यालय में अव्यवस्था का आलम है। विश्वविद्यालय प्रशासन शैक्षणिक व्यवस्था को चौपट करने में मशगूल है। डीक्रूटा ने निर्णय लिया है कि विश्वविद्यालय के फरमानों के खिलाफ कल से धरना देगें। डीक्रूटा ने आज विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व तथा रोष प्रदर्शन किया।

डीसीआरयूएसटी के टीचर एसोसिएशन डीक्रूटा के अनुसार कुछ समय पूर्व ही मैनेजमेंट, ह्यूमिनीटीज, कंप्युटर साइंस इंजीनियरिंग विभागों के अधिष्ठाताओं का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। विश्वविद्यालय के एक्ट के अनुसार रोटेशन पर डीन की नियुक्ति समयबद्ध कुलपति द्वारा की जाती है, लेकिन अपने चहेतों को डीन के पद पर बिठाने के लिए एक्ट से छेड़खानी करके जान बूझ कर डीन की नियुक्ति में देरी की जा रही है। विश्वविद्यालय में कमेटी पर कमेटी बनाने का दौर जारी है, धरातल पर विश्वविद्यालय में कार्य शून्य है। पिछले दिनों में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एक आदेश के तहत आरटीआई की एक कमेटी का गठन सरकार के आदेशों की धज्जिया उड़ाते हुए किया गया। फिर कमेटी पर शोर मचता देखकर आनन फानन में कमेटी का फैसला वापस लिया। विश्वविद्यालय प्रशासन का पूरा समय सिर्फ कमेटियां बनाने में मशगूल है। विश्वविद्यालय प्रशासन को विश्वविद्यालय से कोई लेना देना नहीं है।

डीक्रूटा ने विरोध में वीरवार से धरना देने का निर्णया किया है। डीक्रूटा ने बुधवार को जरनल बाडी की मीटिंग बुलाई जिसमें धरना देने का निर्णय लिया है। शिक्षकों ने विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व रोष प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय प्रशासन को डीक्रूटा मांगों को लेकर अपना ज्ञापन सौंप दिया है।


सोनीपत। विवि में प्रबंधन कार्यालय के बाहर विरोध जताते हुए डीक्रूटा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

**फैली हैं अव्यवस्थाएं**


डीक्रूटा ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय में अव्यवस्था का आलम है। पानी की टंकियों में सफाइ हुए लंबा समय हो गया है। विद्यार्थियों व कर्मचारिवियों को पीने के पानी उपलब्ध नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन से विश्वविद्यालय में कार्यरत है विद्यार्थी व कर्मचारी परेशान हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन शैक्षणिक व्यवस्था को चौपट करने पर आमदा है। विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम की स्कीम विभाग व फेकल्टी द्वारा संबंधित यूजीसी व एआईसीटीई के नियमानुसार बनाई जाती है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा फिर से तालीबानी फरमान जारी करके उसके ऊपर भी एक कमेटी बना दी, ताकि यूजीसी व एआईसीटीई व सरकार के नियमों में छेड़खानी की जा सके।

## उल्टा चश्मा




### नोटों की माला बनी जी का जंजाल

सुना है रेत वाले नेता जी को नोटों की माला का शौक है, जोकि अन्य नेताओं के लिये जी का जंजाल बन रहा है। कोई कह रहा था कि हुड्डा ने नोटों की माला रोकी थी, लेकिन अब इन्होंने शुरू कर दी है। आलम ये है कि नेताजी के पहुंचनें से पहले ही संबंधित कार्यक्रम संचालकों को नोटों की माला का ऑर्डर दे दिया जाता है। किसी ने कहा कि खर्चा ज्यादा हो रहा है, इसी वजह से नोट इकट्ठे किए जा रहे हैं।




### कंटेट को लेकर बवाल नेताजी पर सवाल

रेत वाले नेता जी के कंटेट को लेकर पेरेंट संस्था से जुड़े लोग सवाल उठा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भेजे जा रहे कंटेट को लेकर सबसे ज्यादा ऐतराज जताया जा रहा है। एक वीडियो में रेत वाले नेता जी विपक्षी पार्टी के युवराज को एक ही मुक्के में के.ओ. करते दिख रहे हैं। जिसके बाद से इस विवाद तूल पकड़ रहा है। संस्था से जुड़े लोगों का कहना है कि सुपरमैन बस एक ही है, उसे फोक्स में रखो।



### एक लाख की शर्त 50 हजार रुपये जमा

पिछले दिनों विद्युत महकमे की एक बैठक हुई थी। यहां दो अधिकारियों में अतिरिक्त चार्ज को लेकर शर्त लग गई। बाहर आए अधिकारी और महकमे के बडे अधिकारी के बीच 1 लाख रुपये की शर्त लगी। जिसमें बड़े अधिकारी ने तुरंत 50 हजार रुपये एक अधिकारी के पास जमा भी करवा दिए। जो जीतेगा, उसे 1 लाख मिलेंगे। इसी बीच कोई कह रहा था कि बड़े अधिकारी लाखों में खेलते हैं, इसीलिये फटाक से 50 हजार रख दिए।




### सहयोग दे तो कांटा निकल जाए

टिकट की घोषणा से पहले सोशल मीडिया वाले नेता और दो मुख्यमंत्रियों के लिये एक ही तरह का काम कर चुके नेता के बीच रेस्ट हाउस में गुप्त बैठक हुई थी। जिसमें नेताजी ने सोशल मीडिया वाले नेता से लोकसभा में मदद मांगी थी, लेकिन सोशल मीडिया वाले नेता ने मना कर दिया। दूसरे नेताजी ने कहा भी था कि देख ले, विधानसभा का तेरा कांटा निकल जाएगा। इतनी बड़ी बात बोलने के बाद भी सहमति नहीं बनी।



### डिलेमा में हैं गौत्र भाई

पूर्व में इनेलो का साथ निभाने वाले गौत्र भाई कांग्रेस के साथ हैं। लोकसभा की टिकट मांग रहे इन दोनों के बीच सिर्फ गौत्र की समानता है, इसके अलावा छत्तीस का आंकड़ा है। मौजूदा समय में कांग्रेस प्रत्याशी तय नहीं कर पा रही, जिसके कारण दोनों के बीच एक और समानता बन गई है, जिसे इंग्लिश में डिलेमा कहते हैं। बॉथ ऑफ दैम आर इन ए सीमीलर डिलेमा।




गन्नौर। छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कंपनी के अधिकारी ।

## स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी, सूखा गीला कचरा को अलग रखें : मिथलेश

**गन्नौर।** स्वामी चेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को एक कंपनी द्वारा छात्रों को साफ सफाई व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कंपनी के कार्यकारी वरिष्ठ अधिकारी मिथलेश, राजबीर ने विद्यार्थियों को विद्यालय घर, आस - पड़ोस अपने नगर की सफाई रखने के बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है। सूखा व गीला कचरा को अलग-अलग रखें और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में सहयोग करें। सफाई के लिए नपा प्रशासन द्वारा और बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था और बेहतर है। कंपनी नगर पालिका गन्नौर के साथ मिलकर अपशिष्ट संग्रहण और अपशि प्रबंधन का कार्य कर रही है। विद्यालय प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने उनके सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया ।

## पंचायती राज दिवस के उपलक्ष में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

- विद्यार्थियों ने पंचायती राज के महत्व को कविता , भाषण और एक्ट के माध्यम से समझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल, गन्नौर में पंचायती राज दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंचायती राज दिवस के उपलक्ष में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने पंचायती राज के महत्व को कविता , भाषण और एक्ट के माध्यम से समझाया । छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने एक्ट के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था में जन सहभागिता के महत्व के बारे में सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक सुनील नागपाल मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या उषा मलिक ने विद्यार्थियों को पंचायती राज के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि पंचायती राज हमारे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन की एक महत्वपूर्ण प्रणाली है। यह ग्रामीण लोगों को अपने गाँव के विकास और प्रशासन में सीधे शामिल होने का अवसर देता है।



गन्नौर। पंचायती राज के महत्व को कविता, भाषण के माध्यम से समझाते हुए।


## श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में लक्ष्मी दिव्या, हिमानी ने मारी बाजी

राई। ओम शांति शिक्षा सदन में शिक्षक मोनिका एवं मनोज के नेतृत्व में श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें स्कूल की कक्षा चौथी एवं पांचवी के विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा में रुचि लेते हुए बढ़-चढ़कर भाग लिया और विद्यार्थियों ने एकल व सामूहिक प्रस्तुतियां देते हुए लक्ष्मी, विजयलक्ष्मी ,दिव्या, हिमानी व अंकित ने प्रथम स्थान अनुष्का ,साक्षी, व रिशिता ने द्वितीय स्थान एवं रुचि ,सुहानी ,दिव्या, ने तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए अपनी जीत का लोहा मनवाया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।


राई। श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में ओम शांति स्कूल के छात्र भाग लेते हुए।

## भूटान से आए शिक्षाविदों का गर्मजोशी से स्वागत

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में भूटान से आए तीन दिवसीय शिक्षकदल का प्रातःकालीन सभा में हार्दिक अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया तत्पश्चात एचआर मैनेजर अर्चना शर्मा ने सभी आगंतुक मेहमानों का परिचय कराया। सीनियर विंग के छात्रों द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत कर दर्शकों को मोहित कर दिया गया। विद्यालय के चेयरमैन एमके शर्मा ने सभी को संबोधित किया तथा वैश्विक स्तर पर शिक्षा के फायदों से अवगत कराया। विद्यालय के निर्देशक धीरज शर्मा ने पुष्पमालाओं के साथ सभी का स्वागत किया तथा शैक्षणिक आदान-प्रदान से बेहतरीन जीवन जीने के महत्व पर प्रकाश डाला। बेहतरीन शिक्षा से रोजगार के फायदों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने आए हुए मेहमानों का धन्यवाद दिया तथा भारत भूटान के पारंपरिक व सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय उप प्रधानाचार्य कृति चौधरी, शाखा प्रभारी निशा शर्मा, सुरभि तथा सभी शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।


सोनीपत। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए।

## परमेश्वर ने हमें प्रदान किया है सर्वश्रेष्ठ जीवन

**सोनीपत।** आर्य समाज मॉडल टाऊन सोनीपत में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत बुधवार को तीसरे दिन अध्यक्षता प्रधान अर्जुन देव दुरेजा ने की, जबकि ब्रह्मत्व आचार्य विष्णु मित्र वेदार्थी का रहा। आचार्य विष्णु मित्र वेदार्थी ने बताया कि परमेश्वर ने हमें सर्वश्रेष्ठ मानव जीवन प्रदान किया। हम वेदानुकूल परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करते हुए मानव जीवन सफल करते हुए उन्नति पथ पर अग्रसर होते बढ़ते रहे। आचार्य सतन देव सत्यम ने माधुर्ययुक वाणी से मंत्रों का पाठ करते हुए विद्यार्थियों को सुसंस्कारित करके उनका जीवन जीवन निर्माण करने पर बल दिया। यज्ञोपरान्त जालंधर से आमंत्रित संगीतरत्न सरदार सुरेन्द्र सिंह गुलशन और ढोलक वादक जसबीर सिंह ने प्रभु भक्ति, पारिवारिक और सामाजिक और महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती की जीवन यात्रा के कुछ गीत प्रस्तुत किए। हरिचंद स्नेही वैदिक प्रवक्ता ने मंच का कुशल और प्रेरक ढंग से संचालन किया। कार्यक्रम में शाम को महिला सम्मान और सशक्तिकरण संबंधी प्रभावशाली विचार भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में महेश जुनेजा, सुनील सचदेवा, ज्ञानेश्वर त्यागी, गीता सहगल, कौशल्या अरोड़ा, निर्मल रेलन, मंजु आर्या, ज्ञान ठक्कर आदि मौजूद रहे।

### वार्षिक परिणाम में विजेता रहा हिमालय सदन

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. किरण दलाल ने सत्र 2023-24 के सदनों के वार्षिक परिणाम की घोषणा की। विद्यालय में चार सदनों में से हिमालय सदन ने शानदार जीत हासिल की। हिमालय सदन की सदन अध्यक्ष शालिनी दहिया ने बताया कि वर्ष भर होने वाली प्रतियोगिताओं में हिमालय सदन ने वर्ष पर अपनी बढ़त बनाए रखी। सदन के वार्षिक परिणामों में पूरे सत्र में होने वाली विभिन्न खेल तथा अन्य गतिविधियों की प्रतियोगिताओं को शामिल किया जाता है। इस वर्ष चारों सदनों के बीच शतरंज, कैरमबोर्ड,क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, तैराकी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ फोटोग्राफी, नुक्कड़ नाटक, इंग्लिश प्ले, कुकिंग विदाउट फायर, मेहंदी प्रतियोगिता, हिंदी व अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी, अखबार पठन-पाठन, पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## छात्रों को दी मिशन वात्सल्य की जानकारी

- चाइल्ड केयर शिक्षण संस्थान की चेयरपर्सन पूजा यादव ने भी छात्रों को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

जिला बाल संरक्षण अधिकारी के आदेशानुसार चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल, शेखपुरा में विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को पोक्सो एक्ट, स्पॉन्सरशिप व मिशन वात्सल्य स्कीम से अवगत कराया गया। विद्यालय की पोक्सो कमेटी के अध्यक्ष रमेश वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट की जानकारी दी और समाज में बढ़ते हुए बच्चों के शारीरिक शोषण के कारण और उनके निवारण के प्रति जागरूक किया गया। पोक्सो अधिनियम को बच्चों के हित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ,बच्चों का यौन अपराध, यौन उत्पीड़न तथा पोर्नोग्राफी से सुरक्षा प्रदान करने के लिए पास्को एक्ट 2012 में लागू किया गया। उन्होंने बताया कि इसमें 18 वर्ष से कम उम्र के छात्र-छात्राओं को अवांछनीय शारीरिक शोषण से संरक्षण निहित है। एक्ट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का शारीरिक बौद्धिक नैतिक व मानसिक विकास करना है। चाइल्ड केयर शिक्षण संस्थानों की चेयरपर्सन पूजा यादव ने कहा कि आज माता पिता की सबसे बड़ी चिंता अपनी बच्चियां की सुरक्षा को लेकर है। उन्होंने विद्यालय की सभी छात्राओं को गुड टच और बेड टच के बारे में जानकारी दी।



गन्नौर। पोक्सो एक्ट, स्पॉन्सरशिप व मिशन वात्सल्य स्कीम से अवगत करवाते हुए।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि** राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**लघु सचिवालय पहुंचे अभिभावकों ने उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन**

# आरटीईः दाखिलों के लिए चक्कर काटने को मजबूर अभिभावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत दाखिलों के लिये अभिभावकों को रोजाना अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। कई दौर की शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान ना होने के कारण अभिभावक रोष में हैं।

रोषित अभिभावक ने बुधवार को छात्र-अभिभावक संघ की अध्यक्ष प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में लघु सचिवालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। जिसके बाद उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बच्चों का दाखिला आरटीई के तहत सुनिश्चित करवाने की मांग की। छात्र अभिभावक संघ की अध्यक्ष प्रवेश कुमारी ने बताया कि निजी स्कूल संचालकों की मनमानी के तहत अभिभावकों को अपने बच्चों का दाखिला दिलवाने के लिए धक्के खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को जारी की गई पहले ड्रॉ की सूची में कड़े विरोध के बाद एक सप्ताह उपरांत जारी की गई है। वहीं 22 अप्रैल को जारी की गई दूसरे ड्रा की सूची अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई। पात्र होने के बाद भी बच्चों को दाखिला नहीं मिल पा रहा। कई स्कूलों में दाखिले के नाम पर पैसे तक मांगे जा रहे हैं। डीईओ, बीईओ को शिकायत देने के बावजूद जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकारी नहीं मिल पा रहा। अभिभावकों ने मांग की है कि उनके बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत दाखिला दिलवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में नरेंद्र कुमार, प्रेम कुमार, अरुण, रेनू, ज्योति, पूजा, अंजू सहित अन्य शामिल रहे।


सोनीपत। शिकायत दिखाते हुए लघु सचिवालय पहुंचें अभिभावक।

**ये रखी मांगें**

- आरटीई को पूरी तरह लागू करवाया जाए और इसकी पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो
- आरटीई के तहत जारी ड्रॉ की सूची सार्वजनिक करवाई जाए
- आरटीई के नियमों की अवहेलना करने वाले स्कूलों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए
- जन बच्चों का दाखिला निरस्त किया गया है, उनकी सही तरीके से जांच करवाई जाए
- आरटीई के तहत दाखिला होने पर जिन बच्चों से फीस ली गई है, उन्हें ली गई रकम वापस दिलवाई जाए
- जिन स्कूलों में आरटीई के तहत निर्धारित सीटें रिक्त रह गइर हैं, उन पर पात्र विद्यार्थियों के दाखिले करवाए जाएं
- जिले के सभी निजी स्कूल किस स्कूल से शुरू हो रहे हैं, उनकी सूची जारी की जाए